डिजिटल अरेस्ट कर 25 लाख 50 हजार रुपये की ठगी

नवादा। साइबर अपराधियों ने डिजिटल अरेस्ट का खौफ दिखाकर एलआईसी एजेंट से 25 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली। आरोप है कि अपराधियों ने खुद को सीबीआई, पुलिस और सुप्रीम कोर्ट का अधिकारी बताकर बुजुर्ग को छह दिनों तक मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। सुबह से रात तक वीडियो कॉल पर निगरानी रखी जाती थी। यहां तक कि उन्हें खाना खाने और सोने के दौरान भी कैमरा चालू रखने को कहा जाता था। पीड़ित किशोरी प्रसाद गुप्ता नवादा शहर के पोस्टमार्टम रोड के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि 9 अक्टूबर को फोन कर उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में शामिल होने का आरोप लगाया गया। गिरफ्तारी और जेल भेजने की धमकी देते हुए कहा गया कि उनके खाते में मौजूद रकम सीबीआई के बताए खाते में ट्रांसफर करनी होगी। जांच के बाद पैसा वापस करने और जमानत दिलाने का भरोसा दिया गया। किशोरी प्रसाद गुप्ता के मुताबिक, चार से पांच लोग अलग-अलग अधिकारी बनकर उनसे बात करते थे। एक व्यक्ति ने खुद को सीबीआई का एसपी बताया, जबकि दूसरे ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस से बात कराने का दावा किया। अपराधियों ने किसी को जानकारी देने पर हत्या की धमकी भी दी। घर में अकेले रहने के कारण वह बुरी तरह डर गए और उनकी बातों में आकर पैसे ट्रांसफर कर दिए। 12 से 14 अक्टूबर के बीच तीन बार में कुल 25.50 लाख रुपए की ठगी हुई। 16 अक्टूबर को बेटी का फोन आने पर उन्होंने पूरी घटना बताई। बेटी ने साइबर ठगी का शिकार होने की बात समझाई, जिसके बाद पीड़ित ने 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत की। मामले में 22 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज किया गया। साइबर डीएसपी शाहनवाज अख्तर ने बताया कि ठगी की रकम कई बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है। पुलिस सभी खातों को होल्ड कराने की प्रक्रिया में जुटी है। मामले की जांच तेज कर दी गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

किराया को लेकर मारपीट की प्राथमिकी

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र के चैनपुरा ग्रामीण धीरज कुमार द्वारा किराया विवाद को लेकर मारपीट करने से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कर दो लोगों को आरोपित किया। प्राथमिकी में कहा गया है कि चाचा के मकान में आंगनवाड़ी केंद्र चला रहे थे। जिसका किराया 500 रुपए प्रतिमाह के तहत नौ महीने का दिया गया। परन्तु मकान से जुड़े मुकेश सिंह एवं मंजेश कुमार द्वारा 1500 के हिसाब से मांग करते मारपीट किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फारूक मार्केट में लगी भीषण आग, लाखों की क्षति

पकरीबरावां (नवादा) (संसू)। बाजार स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले व्यस्त फारूक मार्केट में शनिवार की देर शाम एक भयंकर अग्निकांड की घटना सामने आई। इस भीषण आगजनी में मार्केट स्थित कई दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं, जिससे व्यवसायियों को लाखों रुपए का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया और स्थानीय लोगों में भारी दहशत फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार की देर शाम फारूक मार्केट की एक दुकान से अचानक धुंआ उठने लगा, जिसके कुछ ही पलों बाद आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। हालांकि, आग लगने के असली कारणों का अब तक आधिकारिक तौर पर पता नहीं चल पाया है, लेकिन मौके पर मौजूद ग्रामीणों और दुकानदारों का कहना है कि यह दुर्घटना शॉर्ट सर्किट की वजह से हुई होगी। देखते ही देखते आग ने आसपास की अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

इस अग्निकांड में सबसे अधिक नुकसान कपड़े की दुकानों और एक प्रतिष्ठित ब्रांड %खादिम% के जूता शोरूम को हुआ है। दुकानदारों ने बताया कि आग इतनी अचानक और तेज गति से फैली कि उन्हें अपनी दुकान से एक भी सामान निकालने का



मौका नहीं मिला। दुकान के अंदर रखे नए कपड़े, जूते-चप्पल, फर्नीचर और काउंटर समेत सारा सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। इस हादसे के बाद पीड़ित दुकानदारों का रो-रोकर बुरा हाल है, क्योंकि उनकी सालों की मेहनत और पूंजी कुछ ही घंटों में धुएं में तब्दील हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। साथ ही, तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग (दमकल विभाग) को दी गई। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दमकल की गाड़ियों को आग पर पूरी तरह काबू पाने के लिए घंटों कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयासों के बाद आग को आसपास की अन्य इमारतों तक फैलने से तो रोक लिया गया, लेकिन तब तक फारूक मार्केट का एक बड़ा हिस्सा जल चुका था।

घटना के बाद पूरे बाजार में मातम का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और व्यवसायिक संघों ने इस दुखद हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित दुकानदारों का सर्वे कराकर उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे इस भारी आर्थिक संकट के दौर से उबरकर दोबारा अपने व्यापार को पटरी पर ला सकें। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन राहत और नुकसान के आकलन में जुटा हुआ था।

मोटरसाइकिल और हाइवा की टक्कर में तीन जख्मी, रेफर

सिरदला (नवादा) (संसू)। थाना क्षेत्र के चरघरवा मोड़ के पास रविवार को मोटरसाइकिल और हाईवा के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार रजौली की ओर से आ रहे थे, जबकि हाईवा सिरदला की तरफ से जा रहा था। इसी दौरान चरघरवा मोड़ के पास दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। घायलों की पहचान गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के रेंगनियां टांड़ गांव निवासी सचिन कुमार, चंदन कुमार तथा जमुदहा गांव निवासी रोबिन कुमार के रूप में हुई है। घटना के दौरान गश्ती में मौजूद सिरदला पुलिस के एसआई मुकेश कुमार ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को उठाकर अस्पताल के बेड तक पहुंचाया। उनकी इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की। चिकित्सक जनार्दन कुमार ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। वहीं, हादसे के बाद हाईवा चालक तिलैया स्थित पेट्रोल पंप के पास वाहन खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने हाईवा जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर आज लगेगा शिविर

सिरदला (नवादा) (संसू)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार एवं उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को रजौली प्रखंड कार्यालय के सामने दोपहर दो बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के साथ नुक्कड़ नाटक एवं मेले का भी आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में बिजली विभाग के अधिकारी, पदाधिकारी एवं कर्मचारी, विधायक, प्रमुख-उपप्रमुख तथा अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगवाने से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही किफायती दर पर सोलर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। जिन उपभोक्ताओं के पास एकमुश्त राशि उपलब्ध नहीं है, वे बैंक से ऋण लेकर भी सोलर पैनल लगवा सकते हैं। सिरदला प्रखंड के बिजली विभाग के कनीय अभियंता नसीरुद्दीन अंसारी ने प्रखंड के सभी बिजली उपभोक्ताओं से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता शिविर में पहुंचकर सोलर ऊर्जा से जुड़ी जानकारी प्राप्त करें और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजना को समझें।

नवादा प्रीमियर क्रिकेट लीग शुरू नवादा टाइटंस ने दर्ज की शानदार जीत

नवादा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन, नवादा के तत्वावधान में हरिश्चंद्र स्टेडियम में आयोजित जिला प्रीमियर टी-20 क्रिकेट लीग का विधिवत शुभारंभ रविवार को हुआ। लीग का उद्घाटन सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग एवं सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हुलास कुमार, शिक्षा विभाग के डीपीओ ऋषु राज सिंह ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और वे आगे चलकर जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हुलास कुमार ने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। क्रिकेट जैसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों में मेहनत, धैर्य, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

लीग के उद्घाटन मुकाबले में नवादा टाइटंस ने नवादा वॉरियर्स को पांच विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर नवादा टाइटंस ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नवादा वॉरियर्स की पूरी टीम 16.4 ओवर में 111 रन



बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से आदित्य ने 26, विक्रम ने 16 और दिलकश ने 14 रन बनाए। नवादा टाइटंस की ओर से अनुराग और अनुराग पाराशर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट हासिल किए, जबकि पीयूष सिंह ने दो विकेट चटकाए। 112 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवादा टाइटंस की टीम ने 16.1 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की जीत में दर्शित राज के नाबाद 49 रन और अनुराग संजू के 43 रनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नवादा वॉरियर्स की ओर से आदर्श वर्धन ने दो विकेट हासिल किए। हरफनमौला प्रदर्शन के लिए नवादा टाइटंस के अनुराग संजू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

मैच में अंपायर की भूमिका विकास कुमार एवं अजीत पांडे ने निभाई, जबकि आशीष पटेल मैच रेफरी रहे। इस अवसर पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी, पूर्व अध्यक्ष रोहित कुमार सिन्हा, निवर्तमान सचिव मनीष आनंद, संयुक्त सचिव सुरेश यादव प्लेयर प्रतिनिधि मनीष गोविंद, क्लब प्रतिनिधि अरुण यादव, वरीय चयनकर्ता सुभाष प्रसाद, निशांत कुमार बैडमिंटन खिलाड़ी गुलशन कुमार, अजय कुमार, निशा राजवंशी, अजीत शंकर, तेजस सिन्हा, सौरभ सुमन, अविनाश कुमार, श्यामदेव, राजेश कुमार सहित विभिन्न 3टीमों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला प्रीमियर टी-20 क्रिकेट लीग के आयोजन से नवादा के स्थानीय क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

राइस मिल में ताला तोड़कर आगजनी व चोरी, 65 लाख का नुकसान

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र के कोचगांव स्थित एक राइस मिल का ताला तोड़कर आगजनी और नकद चोरी करने की घटना हुई है। मिल संचालक कोचगांव निवासी प्रदीप कुमार ने अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध आग लगाने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित द्वारा थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है की 23 अक्टूबर को रोज की तरह काम समाप्त होने के बाद मिल के सभी गोदाम व परिसर में ताला लगाकर बंद कर दिया गया था। 24 अक्टूबर की सुबह जब मिल के पास पहुंचे तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और गेट खुला खुला हुआ है। अंदर जाने पर देखा कि गोदाम में रखे सभी स्टॉक में आग लगी हुई है और आग तेजी से फैल रही थी। तुरंत डायल 112 व अग्निशमन दस्ते को फोन कर सूचना दी गई। सूचना बाद पहुंची टीम के द्वारा आग पर काबू पाया गया। बाद में सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया तो तीन अज्ञात व्यक्ति ताला तोड़ते, आग लगाते और नकद ले जाते दिखे। मौके से ज्वलनशील पदार्थ का डब्बा भी बरामद किया गया है। अगलगी मैं लगभग 65 लख रुपए की नुकसान होने की बात कही गई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान कर कार्रवाई करने में जुट गई है।

आलू लदा 18 चक्का वाला ट्रक पलटा, सड़क पर बिखरीं बोरियां

नवादा। थाली थाना क्षेत्र में गोविंदपुर-अकबरपुर एसएच-103 सड़क मार्ग पर शनिवार की देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। चरकी पहाड़ के पास घुमावदार मोड़ पर आलू के बीज से लदा 18 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक पर लदी आलू की बोरियां सड़क पर बिखर गईं। जानकारी के अनुसार, ट्रक पटना से गोविंदपुर-बासोडीह के रास्ते देवघर जा रहा था। इसी दौरान चरकी पहाड़ के घुमावदार मोड़ पर चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया, जिससे ट्रक सड़क पर पलट गया। ट्रक मालिक सहदेव यादव के अनुसार, दुर्घटना में वाहन को भारी नुकसान पहुंचा है। ट्रक पर लदी आलू की बोरियां सड़क पर बिखर जाने से घटनास्थल पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। पहाड़ी क्षेत्र के घुमावदार मोड़ पर हुए इस हादसे ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे में किसी के हताहत होने या घायल होने की जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है।

जंगल में शराब की भट्ठी ध्वस्त

सिरदला (नवादा) (संसू)। परना-डाबर थाना क्षेत्र के नूनफर जंगल में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध शराब निर्माण की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान मौके पर करीब 1500 लीटर जावा महुआ को विनष्ट किया गया। वहीं, शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों को जब्त कर आग के हवाले कर दिया गया। परना-डाबर थानाध्यक्ष हरिकांत कुमार ने बताया कि जंगल और झाड़ियों का फायदा उठाकर शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा था। पुलिस की छापेमारी के दौरान धंधेबाज मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। इसी क्रम में पुलिस ने रास्ते से सिरिसिया-टाड़ गांव निवासी प्रदीप सिंह को 100 लीटर देशी हुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से शराब ढुलाई में इस्तेमाल की जा रही। मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।

राजनीति में भागीदारी को लेकर धानुक समाज की बैठक

कौआकोल (नवादा) (संसू)। अखिल भारतीय धानुक महासंघ के बैनर तले धानुक समाज के सदस्यों की बैठक शनिवार को सोखोदेवरा गांव में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व सरपंच रामनन्दन राउत ने किया। बैठक में जातीय एकजुटता, सामाजिक समरसता और राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने समाज को संगठित करने तथा सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बनाने पर जोर दिया। इस दौरान विभिन्न मंडलों से जुड़े प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे और संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, पटना के वरिष्ठ नेता बैठक में युवाओं और समाज के लोगों की सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया गया।

जयंती पर याद किये गये बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह

कौआकोल (नवादा) (संसू)। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री एवं बिहार केसरी के नाम से प्रसिद्ध डॉ. श्रीकृष्ण सिंह को लोगों ने उनकी 139 वीं जयंती पर श्रद्धा पूर्वक याद किया। इस अवसर पर लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह ने बिहार के विकास, सामाजिक सुधार और जनकल्याण के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन संघर्ष, दूरदर्शिता और जनसेवा की भावना का प्रतीक है। उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में आधुनिक बिहार की नींव मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राज्य में औद्योगिक विकास, शिक्षा के विस्तार और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की दिशा में उल्लेखनीय पहल की। उनके विचार और आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मौके पर द्वारिका प्रसाद, निरंजन कुमार, प्रवेश कुमार आदि मौजूद रहे।

शरद पूर्णिमा पर लोगो ने की पूजा-अर्चना

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। शरद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार की शाम में लोगो द्वारा पूजा अर्चना की गई। परम्परागत तरीके से खास कर महिलाओं द्वारा खीर या अन्य मिष्ठान तैयार कर खुले आकाश में रख कर पूजा अर्चना की गई। मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात अमृत की बूंद पृथ्वी पर गिरती है। जिसे प्राप्त करने के लिए लोग खुले आकाश में पूरी रात प्रसाद रूपी खीर व मिष्ठान छोड़ देते हैं और दूसरे दिन आपस में वितरण कर खाते हैं। वहीं कार्तिक स्नान के लिए प्रखंड क्षेत्र की महिला पुरुष गंगा स्नान के बड़ी संख्या में प्रस्थान किया है। बताया गया कि आश्विन पूर्णिमा सोमवार को है जबकि कार्तिक माह का शुभारंभ मंगलवार से हो रहा है।

अवैध मादक पदार्थ के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

देवघर (आससे)। पुलिस अधीक्षक महोदय, देवघर को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नगर थानान्तर्गत नीचे सिंघवा टोला एवं आस-पास के क्षेत्र में राहुल महथा नामक व्यक्ति के द्वारा चोरी-छिपे अवैध मादक पदार्थ का कारोबार किया जा रहा है। इस सूचना पर पु.नि.-सह-थाना प्रभारी नगर थाना देवघर के द्वारा पु.अ.नि. मिथलेश कुमार के साथ सशस्त्र बल रात्रि गश्ती एवं सनहा का सत्यापन करने हेतु थाना से प्रस्थान किये। सत्यापन के कम में दिनांक 24.10.2026 को सूचना मिला कि राहुल कुमार महथा अपने सिंघवा स्थित एस्बेस्टस के मकान में अपने अन्य साथी के साथ मादक पदार्थ का बिकी कर रहे है। इसकी सूचना पु.नि.-सह-थाना प्रभारी, नगर थाना, देवघर को दिया गया। तत्पश्चात् पु.नि.-सह-नगर थाना, देवघर द्वारा श्री कुलदीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, देवघर को दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, देवघर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के साथ सिंघवा पंहुचकर राहुल कुमार महथा उर्फ



राहुल महथा के एस्बेस्टस के मकान पर छापामारी करने पर दो व्यक्ति को पकड़ा गया। दोनो का नाम पता पुछने पर अपना-अपना नाम क्रमशः 01. राहुल कुमार महथा उम्र करीब 22 वर्ष पे. साजु महथा सा. कालीबाड़ी चौक के पास थाना नगर जिला देवघर 02. राजीव कुमार सोनी उम्र करीब 26 वर्ष पे. स्व. राजन पोद्धार सा. सिविल लाईन नन्दन पहाड़ थाना नगर जिला देवघर बतायें। पकड़ाये दोनो व्यक्तियों का विधिवत् तलाशी लेने पर 01. राहुल कुमार महथा उम्र करीब 23 वर्ष पे. साजु महथा सा. कालीबाड़ी चौक के पास थाना नगर जिला देवघर के पास से प्लास्टिक का झोला में पारदर्शी प्लास्टिक में गांजा जैसा पदार्थ एवं 5.40 ग्राम ब्राउन सुगर जैसा पदार्थ पाया गया। 02. राजीव कुमार सोनी उम्र करीब 26 वर्ष पे. स्व राजन पोद्धार सा. सिविल लाईन नन्दन पहाड़ थाना नगर जिला देवघर के पास से कागज में लपेटा हुआ कुल तेईस पुडिया वजन 5.37 ग्राम ब्राउन सुगर जैसा पदार्थ पाया गया। इस संदर्भ में पु.अ.नि. मिथलेश कुमार नगर थाना के टंकित आवेदन के आधार पर देवघर नगर थाना काण्ड सं. 452/2026 दिनांक 24.10.2026 धारा 20(b)(ii)(B)/21(b)/29N.D.P.S ACT दर्ज किया गया।

जब्ती:-01. गांजा 01 किलोग्राम, 80 ग्राम, गिरफ्तारी:-02. ब्राउन सुगर 10.77 ग्राम ।01. राहुल कुमार महथा उर्फ राहुल महथा उम्र करीब 22 वर्ष पे0 स्व0 साजो महथा सा0 कालीबाडी थाना नगर जिला देवघर।02. राजीव कुमार सोनी उम्र करीब 26 वर्ष पे. स्व. राजन पोद्धार सा. सिविल लाईन नन्दन पहाड़ थाना नगर जिला देवघर। अपराधिक इतिहास:-अभियुक्त राजीव कुमार सोनी उम्र करीब 26 वर्ष पे. स्व. राजन पोद्धार सा. सिविल लाईन नन्दन पहाड़ थाना नगर जिला देवघर।1. देवघर नगर थाना काण्ड सं. 64/2017 दिनांक 14.10.2017 धारा 307/34 भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स एक्ट, 2. देवघर नगर थाना काण्ड सं. 484/2022 दिनांक 22.09.2022 धारा 25 (1-बी) ए/26/31 आर्म्स एक्ट ।3. देवघर नगर थाना काण्ड सं0 468/2022 दिनांक 14.11.2022 धारा 148/149/341/323/324/307/379/385/386/427/भा0द0वि0 ।4. देवघर नगर थाना काण्ड सं. 485/2022 धारा 392 भा.द.वि. ।5. जसीडीह रेल थाना काण्ड सं. 962/2025 दिनांक 21.05.2025 धारा 153 रेलवे एक्ट।6. नगर थाना काण्ड सं0 535/2021 दिनांक 29.10.2021 धारा 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट., 7. देवघर नगर थाना काण्ड सं0 252/2024 धारा 21 (ए) / 20 (बी) (ii) एएनडीपीएस एक्ट ।8. रिखिया थाना काण्ड सं. 88/2021 धारा 379/411/34 भा0द0वि0 ।

छापामारी दल:-01. श्री कुलदीप कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर देवघर।02.पु.नि.-सह-थाना प्रभारी रवि ठाकुर नगर थाना देवघर। 03.पु.अ.नि. मिथलेश कुमार, नगर थाना देवघर।04.पु.अ.नि. घनश्याम गंझू, नगर थाना देवघर।05. पु.अ.नि. सुरज कुमार, नगर थाना देवघर।06. आरक्षी 22 अशोक दास नगर थाना रिजर्व गार्ड।07. आरक्षी 563 संजय कुमार पाण्डेय नगर थाना रिजर्व गार्ड।

डकाय जंगल से तीन साइबर ठग गिरफ्तार

देवघर (आससे)। साइबर पुलिस प्राप्त प्रेस नोट के अनुसार पुलिस अधीक्षक देवघर, प्रवीण पुष्कर (भा.पु.से.) के आदेशानुसार साईबर अपराधियों के विरूद्ध की जा रही लगातार कार्रवाई के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक कैलाश प्रसाद महतो के नेतृत्व में दिनांक 24.10.2026 को 03 (तीन) साईबर अपराधकर्मियों को साइबर अपराध करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर देवघर जिला के सारठ थाना अंतर्गत डकाय जंगल में कुछ संदिग्ध साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी तरीके से Flipkart/Amazon के कस्टमर केयर प्रतिनिधि, Airtel Payment Bank पदाधिकारी एवं Google ÂÚU Phonepe Customer Care के नाम पर आमलोगों को ठगी का शिकार बनाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी।

उक्त सूचना के आलोक में की गई छापामारी के दौरान 03 (तीन) साईबर अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों के पास से बरामद मोबाइल फोन / सिम के प्रारंभिक जांच में साइबर ठगी में संलिप्तता पाई गई है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-1. सिंकू भोक्ता, उम्र करीब 32वर्ष, पे.-स्व. अशोक प्रसाद भोक्ता, सा.-ढीबा, थाना-पथरड्डा ओ.पी. (सारठ), जिला-देवघर, 3. चंदन यादव, उम्र करीब 22 वर्ष, पे.-अशोक यादव, सा.-बडा मोहनपुर, थाना-सोनारायठाढी जिला-देवघर 3. रौशन कुमार मंडल, उम्र करीब 24वर्ष, पे.-मनिकांत मंडल, सा.-चोरखेदा, थाना-जरमुंडी, जिला-दुमका गिरफ्तार अभियुक्त की अपराध शैली:- 1. फर्जी Google Pay/ Phonepe/Airtel Payment Bank Customer Care पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को कैश बैक का झांसा देकर ठगी करना। 1. APK File (PM KISSAN YOJNA, BIJLI BILL, RTO CHALLAN) भेजकर मोबाइल का एक्सेस लेकर ठगी करना। 2. फर्जी Airtel Payment Bank पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को झांसे में लेकर Airtel Thanks App के माध्यम से Airtel Payment Bank कार्ड बंदकर उपभोक्ताओं को झांसा देकर तथा आम सहायता के रूप में कार्ड को पूनः चालू कराने के नाम पर झांसा देकर ठगी करना।

गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से बरामद सामानों की विवरणी:- मोबाइल फोन- 03, सिमकार्ड 04, ATM Card 02, छापामारी दल:- 1. पु.नि. नागेन्द्र कुमार मंडल, साइबर थाना, देवघर एवं अन्य सशस्त्र बल, देवघर। 2. पु.अ.नि. सह थाना प्रभारी, सोनारायठाढी थाना रोहित दांगी, 3. पु.अ.नि. सह थाना प्रभारी, सारठ थाना दीपक कुमार शाह एवं अन्य सशस्त्र बल।

नूनफर जंगल से शराब के साथ एक गिरफ्तार

सिरदला (नवादा) (संसू)। परना डाबर थाना क्षेत्र के नूनफर जंगल में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 100 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। परना डाबर थानाध्यक्ष हरिकांत कुमार से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सिरिसिया टांड़ गांव निवासी अमित सिंह के पुत्र प्रदीप सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को नूनफर जंगल में महुआ शराब रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने जंगल में छापेमारी की, जहां से 100 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। मौके से प्रदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में परना डाबर थाना कांड संख्या 229/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

हृदयनाथ एवं गणेश शंकर विद्यार्थी राष्ट्रसेवा के दो प्रेरणास्त्रोत

देवघर (आससे)। भारत की सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय चेतना के इतिहास में अनेक ऐसी विभूतियों ने जन्म लिया है, जिन्होंने अपनी प्रतिभा, साधना, त्याग और समर्पण से देश को गौरवान्वित किया है। मौके पर स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा- भारतीय संगीत जगत के प्रतिष्ठित संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर और निर्भीक पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी गणेश शंकर विद्यार्थी ऐसी ही दो महान विभूतियाँ हैं। दोनों का कार्यक्षेत्र भले ही अलग-अलग रहा हो, लेकिन उनकी साधना का मूल उद्देश्य भारतीय समाज, संस्कृति और जनचेतना को समृद्ध करना था। एक ने संगीत के माध्यम से जनमानस को भावविभोर किया, तो दूसरे ने अपनी लेखनी के माध्यम से अन्याय, शोषण और सामाजिक विषमता के विरुद्ध संघर्ष किया।

डॉ. प्रदीप ने हृदयनाथ मंगेशकर के संबंध में कहा, हृदयनाथ मंगेशकर भारतीय संगीत जगत के सुप्रसिद्ध संगीतकार हैं। उनका जन्म 26 अक्टूबर, 1937 को महाराष्ट्र में हुआ था। वे महान गायिका लता मंगेशकर और प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले के छोटे भाई हैं। उनके पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर शास्त्रीय संगीत एवं रंगमंच की प्रतिष्ठित हस्ती थे।



संगीत से परिपूर्ण पारिवारिक वातावरण ने हृदयनाथ मंगेशकर की प्रतिभा को विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहरी समझ, स्वर-संवेदना और रचनात्मक प्रयोगों के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी संगीत रचनाओं में शास्त्रीयता, भावनात्मक गहराई, काव्यात्मक सौंदर्य और मधुरता का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उन्होंने मराठी और हिंदी संगीत जगत को अनेक यादगार गीत प्रदान किए। उनकी संगीत साधना का एक उल्लेखनीय पक्ष यह है कि उन्होंने महान कवियों की रचनाओं को संगीतबद्ध कर के जनसामान्य तक पहुँचाया। संत ज्ञानेश्वर, संत तुकाराम, मीराबाई और अन्य कवियों की रचनाओं को उन्होंने अपनी विशिष्ट संगीत शैली में प्रस्तुत किया। उनकी रचनाओं में भक्ति, प्रेम, विरह, प्रकृति, राष्ट्रप्रेम और मानवीय संवेदनाओं की विविध छवियाँ दिखाई देती हैं। उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। लेकिन..., माया मेमसाब और लाल सलाम जैसी फिल्मों में उनके संगीत निर्देशन की विशेष पहचान रही है।

उन्होंने पारंपरिक संगीत की गरिमा बनाए रखते हुए नवीन प्रयोग किए और संगीत को अधिक भावपूर्ण बनाने का प्रयास किया। उनकी संगीत रचनाओं में शब्दों की आत्मा को समझने और उसके अनुरूप स्वर-संयोजन करने की क्षमता दिखाई देती है। वे केवल धुन बनाने वाले संगीतकार नहीं, बल्कि कविता की भावभूमि को संगीत में रूपांतरित करने वाले साधक हैं। उनके योगदान ने भारतीय संगीत परंपरा को समृद्ध किया है।

उनका जीवन हमें सिखाता है कि किसी भी कला में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर अभ्यास, अनुशासन, मौलिकता और समर्पण आवश्यक हैं। उनकी जयंती संगीतप्रेमियों के लिए भारतीय संगीत की महान परंपरा को स्मरण करने और नई पीढ़ी को कला-साधना के प्रति प्रेरित करने का अवसर है।